दिनांकः 26.09.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा–धर्म को सभी को जोड़ने और उन्न्त करने का काम करता है।
- चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सभी से राजस्थान को तंबाकू मुक्त बनाने की जिम्मेदारी निभाने की अपील की।
- प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत सवाईमाधोपुर जिले का चयन।
- प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कई जगह बारिश हुई है–दौसा जिले में बारिश से खेतों में पानी भरा।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज जयपुर में हिन्दू आध्यात्मिक और सेवा मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न धार्मिक संस्थाएं और सामाजिक संगठन सेवा कार्य के जरिये मानवता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्म सभी को जोड़ता है और सफलता की ओर ले जाता है।

000

श्री धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व प्रगति हुई है और देश की अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी स्थिति में पहुंच गई है।

000

पंचायतीराज राज्य मंत्री एस.पी सिंह बघेल ने पंचायत अनुसूचित क्षेत्र विस्तार अधिनियम (पीईएसए) को जमीनी स्तर पर लागू करने पर जोर दिया है। आज नई दिल्ली में पी ई एस ए पर राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने आदिवासी समुदायों के उत्थान में अधिनियम के महत्व को उजागर किया। श्री बघेल ने ग्राम पंचायत विकास योजनाओं और प्रशिक्षण पहलों को प्रभावी बनाने के लिए पी ई एस ए –जीपीडीपी पोर्टल और सात विशिष्ट प्रशिक्षण मॉड्यूल शुरू किये। सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य पी ई एस ए को लागू करना और आदिवासी आबादी को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में दस राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के बारे में बता रहे हैं– पशुपालन और डेयरी विभाग ने भारत पशुधन नामक डेटा बेस विकसित किया है। इस प्रणाली ने बेहतर लक्ष्य

सुनिश्चित करते हुए किसानों को योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाया है। इसके जरिये पशुओं में रोगों की रोकथाम, प्रतिक्रिया और उपचार के लिए एकीकृत रोग निरीक्षण कार्यों की निगरानी की जा रही है। वर्तमान में क्षेत्र अधिकारियों और श्रमिकों द्वारा 50 करोड़ से अधिक एंट्रीज डेटा बेस में डाली गई हैं। सहकारी डेयरी क्षेत्र में दूध प्रसंस्करण क्षमता में उल्लेखनीय बढोतरी हुई है। पहली बार पूरे देश में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों की स्थापना की जा रही है। पशुपालन कार्यकलापों में लगे 10 करोड़ किसानों को अब उनके घर पर पशुधन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। 27 राज्यों में 3165 मोबाइल इकाइयां काम कर रही है।

000

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन सिरोही जिले के दौरे पर रहेंगे। वे आज रात आबूरोड के ब्रह्माकुमारी संस्थान पहुंचेंगे तथा कल ब्रह्माकुमारी संस्था में आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। वे ब्रह्माकुमारी संस्था के सोलर प्लांट का भी अवलोकन करेंगे और वहां आयोजित योग कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। उनका माउंट आबू भी जाने का कार्यक्रम है।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने आज जयपुर में टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 का शुभारंभ किया। चिकित्सा मंत्री ने अभियान पोस्टर का विमोचन किया। और वहां उपस्थित युवाओं और अधिकारियों को संबोधित किया। श्री खींवसर ने 60 दिनों के तंबाकू मुक्त अभियान की घोषणा करते हुए कहा कि युवाओं और बच्चों में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है। उन्होंने सभी से राजस्थान को तंबाकू मुक्त बनाने की जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

000

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. भारती दीक्षित ने तंबाकू मुक्त अभियान की सफलता के लिए नीतियों के सख्त क्रियान्वयन पर जोर दिया।

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने संजीवनी प्रकरण में हाईकोर्ट से क्लीन चिट मिलने के बाद आज बिना नाम लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए सरकार और शासन व्यवस्था का दुरुपयोग किया। श्री शेखावत आज जोधपुर में पत्रकारों से रू–ब–रू हुए। श्री शेखावत ने कहा कि यह न्याय हुआ है और अन्याय का एक बार फिर पर्दाफाश हुआ है।

000

प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत सवाईमाधोपुर जिले का चयन हुआ है। इस अभियान में नागौर जिले के भी दो गांवों को चुना गया है। अभियान के संबंध में आज सवाईमाधोपुर में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का मुख्य उद्देश्य माडा क्षेत्र में सभी जनजातीय

लोगों को सरकार की योजनाओं के माध्यम से फायदा पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि आकांक्षी जिला सवाई माधोपुर में स्थित जनजातीय बहुलता वाले क्षेत्रों का चयन कर 18 विभागों से संबंधित 25 इन्टरवेशन्स का क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्नत ग्राम अभियान का जिला स्तरीय समारोह 2 अक्टूबर को रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्राहलय में होगा। नागौर जिले के जायल ब्लॉक के दो गांव प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान में चयनित हुए हैं। बोड़वा और खाटू कलां गांवों में इस अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन और सुचारू संचालन के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

000

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान मे आज भी कई जिलों में कार्यक्रम हुए । पाली में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता संवाद और स्वच्छता चौपाल का आयोजन कर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नीमकाथाना में डॉ भीमराव अंबेडकर छात्रावास में श्रमदान किया गया। साथ ही छात्रों को स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता लाने और रोजाना श्रमदान करने के लिए शपथ दिलाई गयी। बाड़मेर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी आज स्वयं साइकिल पर सफाई व्यवस्था का जायज़ा लेने निकले। उन्होंने कई स्थानों पर कचरा पाए जाने पर लोगों का चालान कटवाया। ज़िला प्रशासन और नगर परिषद की ओर से कचरा नहीं फैलाने के बारे में लोगों को समझाया जा रहा है। हनुमानगढ़ में 'स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता' थीम पर स्वच्छता रैली निकाली गई। इसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों, स्वयंसेवकों, जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन कार्मिकों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने बैंड वादन के जरिए स्वच्छता की अलख जगाई। सेंट्रल पार्क में जिला कलेक्टर  काना राम ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सवाईमाधोपुर में नगर परिषद की ओर से महावीर पार्क में वेस्ट टू आर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की ओर से बेकार चीजों से बनी कलात्मक कृतियां और उत्पाद प्रदर्शित किये गए। केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय सिरोही की ओर से पिंडवाड़ा पंचायत समिति के जनापुर गॉव में संपूर्ण पोषण और स्वच्छता ही सेवा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जयपुर के आमेर महल में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय पहल की गई है। अब महल परिसर में गुटखा, बीड़ी और तंबाकू से संबंधित किसी भी तरह की सामग्री ले जाने पर रोक लगा दी गई है।

000

प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कई जगह बारिश हुई है। झालावाड़ जिले में आज दोपहर बादलों की गर्जना के साथ बरसात हुई। झालरापाटन में भी पानी बरसा। सवाईमाधोपुर में आधे घंटे तक तेज बरसात हुई। बारिश से क्षेत्र में मौसम सुहावना हो गया है। दौसा में आज कई जगह बारिश हुई। महुआ, सिकराय, लालसोट में बारिश का पानी खेतों में भर गया, इससे फसलों को नुकसान हुआ। कई जगह खेतों में कटी फसल पानी में बह गई। बारां में बूंदाबांदी हुई। टोंक में दोपहर बाद बादलों की गड़गडाहट के साथ बूंदाबांदी हुई। पाली में बूंदाबांदी हुई। जिले के रानी में मूसलाधार पानी बरसा। बांसवाड़ा में भी शाम को

बरसात हुई है। उधर बाडमेर जिले में तेज गर्मी के कारण खरीफ की फसलें मुरझाने लगी है। इस बीच दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की विदाई प्रदेश के कुछ और हिस्सों से हो गई है। मॉनसून की वापसी रेखा अब चूरू, अजमेर माउंट आबू से होकर गुजर रही है। मौसम केन्द्र जयपुर ने कहा है कि आगामी 30 तारीख तक कोटा और उदयपुर संभाग के हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। भरतपुर, जयपुर, अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में कल से तीन दिन तक हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

000

68वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज जालौर के शाहपूंजाजी गेनाजी स्टेडियम में शुरू हुई। प्रतियोगिता में 35 जिलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। 14 वर्ष आयु वर्ग की इस खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद लुंबाराम चौधरी ने धवजारोहण कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवाओं को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इसी तरह 68वीं राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता आज बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में शुरू हुई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न ज़िलों की 100 से ज़्यादा टीमें हिस्सा ले रही हैं। 68वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता झालावाड़ के विजयाराजे सिंधिया राजकीय खेल संकुल में शुरू हुई। 14 वर्ष आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी 50 जिलों से लगभग 1200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में सभी खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया।

000